# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. केन्द्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए 32 देशों में भेज रही है सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल : संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने साझा की सूची।
2. प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयां देने के लिए उठा रही है अभिनव कदम : चित्रकूट और महोबा में विश्वस्तरीय रोप–वे कनेक्टिविटी का जल्द होगा निर्माण।
3. प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने भीषण गर्मी के मद्देनज़र उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का दिया निर्देश।

और

4. आईपीएल क्रिकेट में कल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा मुकाबला।

————————

केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सात, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही 32 देशों के साथ बातचीत करंगे। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने इस संयुक्त मोर्चे का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों और प्रतिनिधिमंडलों की सूची साझा की है।

*भाजपा सांसद बैजयंता पांडा के नेतृत्व में पहला समूह साऊधी अरब, बहरीन, कुवैत और अलजीरिया का दौरा करेगा। भाजपा सांसद रवीशंकर प्रसाद के नेतृत्व में दूसरा समूह ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीयसंग, इटली और डेनमार्क का दौरा करेगा। जनतादल यूनाइटिट सांसद संजे कुमार झा के नेतृत्व में तीसरा समूह इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिनकोरिया, जापान और सिंगापूर का दौरा करेगा। शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चौथा समूह संयुक्त अरब अमिरात, लाइबेरिया, कॉंगो और सियरा लियोन का दोरा करेगा। कॉंग्रेस सांसद शशी थरूर के नेतृत्व में पाचवां प्रतिनिधिमंडल अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा करेगा। डीमके सांसद कनिमोझी करुणानिधी के नेतृत्व में छठा प्रतिनिधि मंडल, स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस का दौरा करेगा। राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी शरत चंद्र पवार की सांसद सूपरिया सुले के नेतृत्व में सातवां समूह मिस्र, कतर, इथियोपिया और दक्षिन अफरीका का दौरा करेगा। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सर फिरोजी।*

---

आतंकवाद के विरूद्ध सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद, पूरा देश सैन्य जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान–स्वरूप एक विशेष श्रंखला प्रस्तुत

कर रहा है। इस क्रम में आज, पेश है परमवीर–चक्र विजेता ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव की शौर्य गाथा। डिस्पैच...

*बुलंदशहर जिले के निवासी ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं जिन्हें पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध के दौरान उनकी भूमिका के लिए सर्वोच्च युद्ध कालीन वीरता पदक परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया है। ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव 3 और 4 जुलाई 1999 की रात को टाइगर हिल पर कब्जा करने के लिए घातक प्लाटून की अग्रणी टीम का हिस्सा थे। शीर्ष पर पहुंचने का रास्ता चट्टानी और बर्फ से ढका था। जोखिम की परवाह किए बिना उन्होंने स्वेच्छा से अपनी टीम का नेतृत्व किया। आधे रास्ते में एक दुश्मन बंकर ने उन्हें देख लिया और मशीन गन और रॉकेट से हमला कर दिया जिससे कमांडर और उनके दो साथी शहीद हो गए और प्लाटून रुक गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव दुश्मन के ठिकाने तक रेंगते हुए पहुंचे और इस प्रक्रिया में कई बार घायल भी हुए। अपनी चोटों और दुश्मन की गोलियों की बौछार के बावजूद भी दुश्मन के ठिकानों की ओर चढ़ते रहे और ग्रेनेड फेंकते हुए अपने हथियार से लगातार फायरिंग करते हुए उन्होंने चार दुश्मन सैनिकों को मार गिराया। उनके वीरतापूर्ण कार्य से प्रेरित होकर प्लाटून ने नए जोश के साथ अन्य ठिकानों पर हमला किया और टाइगर हिल टॉप पर कब्जा कर लिया। 2021 में 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर योगेंद्र सिंह यादव को राष्ट्रपति द्वारा मानद कैप्टन की उपाधि से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

सूबेदार मेजर और मानद कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को न्याय दिलाने का एक निर्णायक कार्य था।

———————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में आज अमरोहा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंद्रह जगहों पर शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। शौर्य तिरंगा यात्रा का नेतृत्व शिक्षक, विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने किया। यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री ढिल्लो ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को ऐसा सबक दिया है कि वह वर्षों तक भारतीय सैन्य बलों क पराक्रम को याद रखेगा।

————————

प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को नई ऊचाइयां देने के लिए कई अभिनव कदम उठा रही है। इस कड़ी में चित्रकूट के महर्षि वाल्मिकी आश्रम और महोबा के गोरख गिरी स्थित सिद्ध बाबा मंदिर पर विश्वस्तरीय रोप–वे कनेक्टिविटी का जल्द निर्माण किया जायेगा।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आज लखनऊ में बताया कि रोप–वे परियोजनाओं को शुरू करने का उद्देश्य श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाना है। श्री सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं को मंदिर तक आसानी से पहुंचाने के लिए रोप–वे कनेक्टिविटी शुरू की जायेगी। इसके लिए नौ हजार सात सौ पचास वर्गमीटर जमीन चिन्हित की गई है। उधर, बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित ऐतिहासिक देवीपाटन मंदिर में श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए एक तैरता संगीतमय फव्वारा,

मल्टीमीडिया लेजर–शो, बीम प्रोजेक्शन और पानी की स्क्रीन पर विडिया प्रोजेक्शन स्थापित करने जा रही है। एक रिपोर्ट...

*भारत नेपाल सीमा के निकट देवीपाटन शक्तिपीठ पर यह परियोजना न सिर्फ मंदिर की खूबसूरती बढ़ायेगी बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं को एक अनूठा अनुभव भी देगी। सरकार का लक्ष्य है कि धार्मिक स्थल पर आधुनिक सुविधाओं और आकर्षणों के जरिए ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित किया जाये। देवी पाटन मंदिर राज्य के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस मंदिर की स्थापना महाभारत काल में पांडवों ने की थी। मंदिर का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व इसे देश–विदेश के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाता है। मंदिर के पास बना प्राचीन कुंड और आसपास का प्राकृतिक सौन्दर्य पर्यटकों को खासा लुभाता है। इस पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को ताकत मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। रामकुमार मिश्र आकाशवाणी समाचार बलरामपुर।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गर्मी के मद्देनज़र उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया है। आज लखनऊ में एक विद्युत उपकेंद्र के निरीक्षण के दौरान

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं को बेवजह बिजली कटौती, लो–वोल्टेज और ट्रिपिंग का सामना न करना पड़े। श्री शर्मा ने कहा कि हर हाल में विद्युत आपूर्ति जारी रखी जाये ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

————————

प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आज वाराणसी में लगातार दूसरे दिन चिकित्सालयों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आवश्यकता के अनुसार स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा मुहैया होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद प्रमुख सचिव,ने चंदौली के पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल और नौबतपुर स्थित मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

————————

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन हर साल सांस्कृतिक आदान–प्रदान और समृद्धि तथा सहयोग एक शांति को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण साधन के रूप में संग्रहालयों की भूमिका के बारे में जागरूकता

बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस क्रम में कुशीनगर के राजकीय बौद्ध संग्रहालय, में प्राचीन स्मारकों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। 31 मई तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में छायाचित्रों के माध्यम से देश के विभिन्न  प्राचीन स्मारकों की सुंदरता और भव्यता को प्रदर्शित किया गया है।

————————

आईपीएल–2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच कल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मुकाबला होगा। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से....

*लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए प्लेऑफ में पहुंचने की राह अब बेहद मुश्किल हो गई है। टीम को कल लखनऊ में सन राइजर्स हैदराबाद से मैच जीतने के अलावा अपने बाकी सभी मैच जीतने होंगे और अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। एलएसजी को अपने नेट रन रेट को भी काफी सुधारना होगा, तभी उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की कोई संभावना बन पाएगी। टीम वर्तमान में अंक तालिका में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर हैं। कल के मैच को लेकर लखनऊ में स्टेडियम और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मैच शुरू होने के 3 घंटे पहले से स्टेडियम की आसपास की सड़कों पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को राजस्थान में बीकानेर के देशनोक से 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का शुभारंभ करेंगे। इन स्टेशनों में प्रदेश के सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, गोण्डा जिले के स्वामीनारायण छपिया और मैलानी जंक्शन स्टेशन भी शामिल हैं। ये स्टेशन सिटी

सेंटर की तर्ज पर पुनर्विकसित किये गये हैं, जो क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत को दर्शाते हैं।

————————